# कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर खरीद की व्यवस्था

## चर्चा में क्यों?

22 सितंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर, कोंडागाँव और बस्तर ज़िले से आए आदिवासी प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के 14 कोदो-कुटकी उत्पादक ज़िलों में राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी की खरीदी की व्यवस्था की जाएगी।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इन ज़िलों के गोठानों में कोदो के प्रसंस्करण केंद्र भी स्थापित किये जाएंगे और प्रसंस्कृत कोदो की मार्केटिंग की भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी।
- कोदो-कुटकी का उत्पादन करने वाले ज़िलों में बस्तर संभाग के 7 ज़िले, सरगुजा संभाग के 5 ज़िले और राजनांदगाँव तथा कवर्धा ज़िले शामिल हैं।
- मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर बस्तर संभाग में जहाँ स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल प्रारंभ हुए हैं, वहाँ हॉस्टल खोलने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे इन स्कूलों में दूर गाँवों से आने वाले बच्चों को आवासीय सुविधा मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kodo-kutki-on-support-price